भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2030**
01 अगस्त, 2023 को उत्तर देने के लिए

**राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन**

**2030. श्री रमेश चन्द माझी:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क):** विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन (एनएमएफपी) के अंतर्गत देश में शीतागारों की स्थापना के लिए आबंटित, स्वीकृत और जारी की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

**(ख)** ओडिशा सहित किन गांवों में शीतागार गोदाम हैं और उनमें राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने शीतागार गोदाम हैं?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

**(क) और (ख):** भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2015-16 से राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण मिशन (एनएमएफपी) को केंद्र सरकार के समर्थन से अलग कर दिया है और 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों के परिणामस्वरूप उनके बढ़े हुए संसाधनों से राज्य सरकारों को योजना जारी रखने के बारे में निर्णय लेने को कहा है। तदनुसार, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने एनएमएफपी के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान कोई धनराशि जारी नहीं की है।

*****